## खबर संक्षेप

### 18-19 अप्रैल को भी सभी उपार्जन केन्द्रों पर होगी गेहूं की खरीदी

अन्नदाताओं की सुविधा और हित को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल ने जानकारी दी है कि आगामी 18 और 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद सभी उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी का कार्य नियमित रूप से जारी रहेगा। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उपार्जन केन्द्रों पर समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। किसान नियत प्रक्रिया के अनुसारस्लॉट बुकिंगकराकर उपार्जन केन्द्रों पर अपनी उपज लेकर आ सकते हैं।

### श्रीराम का चरित्र ही परम सुख का मार्ग है



**शहडोल।** स्थानीय मानस भवन में वंचितों के श्रीराम संगीतमय कथा एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 16 अप्रैल से शुरू हुए कार्यक्रम का समापन 18 अप्रैल को होगा। ज्ञातव्य है कि धार्मिक आयोजन के अंतर्गत कथा व्यास डॉ. अशोक हरिवंश जी के द्वारा भगवान श्री राम के प्रेरक कथा प्रसंगों के पुण्य उद्गार व्यक्त किए जा रहे हैं। जिन्हे सुनकर श्रोता भावविभोर हो रहे हैं। भगवान श्रीराम के आदर्शमय चरित्र की सरल व सरस व्याख्या कर जन जन को उनसे जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है। भगवान की कथा सुनने यहां भारी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। भगवान श्री राम का चरित्र ही वास्तव में समाज के चहुंमुखी विकास का प्रकाश स्तंभ है। भगवान श्रीराम के जीवन की आदर्श गाथाओं को सुनकर श्रोताओं में चेताना जागृत हो रही है और उन्हे संस्कारों की अहमियत का बोध हो रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रभंजन सिंह व कथा प्रेमी गणमान्य लोगों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत मंच का संचालन सेवानिवृत्त सीएमओ रविकरण त्रिपाठी द्वारा किया जा रहा है।

### शासकीय कार्यालयों में होगा पेपरलेस काम

**उमरिया।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शासकीय विभाग के कार्यालयों में अब पेपर लेस कामकाज की शुरुआत हो गई है,जिसकी तैयारी एवं आवश्यक जानकारी हेतु जिला पंचायत के सभागार में बाबुओं, कम्प्यूटर ऑपरेटरों को ई ऑफिस दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं ई-गवर्नेंस मैनेजर व्दारा दिया गया। प्रशिक्षण में पोर्टल में काम काज से संबंधित एक लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। शासकीय विभागों में अति आवश्यक निर्देशों का पालन ऑनलाइन या मेल के माध्यम से होता था लेकिन ई ऑफिस के जरिए अब शत प्रतिशत कार्यालयीन कार्य ऑनलाइन के माध्यम ई ऑफिस पोर्टल के माध्यम से ही कराए जाएंगे। सरकारी विभाग के दफ्तरों में किसी काम योजना के क्रियान्वयन से जुड़े पत्रों और फाइलों का रखरखाव एक बड़ा काम होता था। रखरखाव के मानव श्रम के अलावा भवन आदि की जरूरत पूरी करना होता था लेकिन ई ऑफिस के जरिए अब इस समस्या से निजात मिलेगी। ई आफिस पोर्टल की शुरुआत से शासकीय काम में गति आएगी।

### खेत तालाब निर्माण कार्य का अभियान

**शहडोल।** आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे हैं।

## फसल राख हो जाने के बाद पहुंचते हैं नपा के दमकल वाले

# खलिहान मकान फुंक रहे, फायर ब्रिगेड ढूंढ़े नहीं मिलती

**शहडोल।** गर्मी का मौसम आते ही जनमानस पर अग्नि दुर्घटनाओं का कहर टूटने लगता है, इस कहर से बचाव का एक मात्र तात्कालिक उपाय फायर ब्रिगेड ही रह जाता है। जिसके कारण आग पर काबू पाया जाता है। इसी कारण फायर ब्रिगेड की सेवा अत्यंत आवश्यक आपात सेवाओं में शामिल की जाती है। इस स्थिति को देखते हुए फायर स्टेशन में चौबीसो घंटे पानी से भरे दमकल वाहन मौजूद रहने चाहिए और फायर कर्मचारी उपलब्ध रहने चाहिए। सूचना मिलते ही टीम वाहन के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हो सके। लेकिन एक अर्से से प्रशासनिक कसावट के अभाव में फायर स्टेशन अव्यवस्थाओं का शिकार है और यहां कर्मचारी उपलब्ध नही रहते हैं। वर्तमान समय में आए दिन कहीं न कहीं अग्नि दुर्घटना हो रही है लेकिन समय से दमकल वहां नहीं पहुंच रहा है। दमकल तब पहुंचती है जब सब जल कर स्वाहा हो चुका होता है। सिंहपुर के समीपी गांव में गत दिनों किसान के खलिहान में आग लग गई थी, लेकिन दमकल काफी विलंब से पहुंची तब तक सारा गेहूं खाक हो चुका था।

### राहत नहीं मिल पा रही है

बताते है कि 25 मार्च से लेकर अप्रैल माह के 10 दिनों की अवधि में लगभग एक दर्जन गांवों में आग लग चुकी है। अधिकांशतः किसानों के खलिहानो में रखे गेहूं में आग भडक़ने की घटनाएं हो रहीं हैं। गोहपारू, भठिया, सिंहपुर के समीपी गांव तथा छतवई के एक किसान के घर में आग लगने की घटनाएं हो चुकीं हैं, लेकिन कहीं भी फायर स्टेशन समय से सेवा नहीं दे सका। जबकि हर बार कम से कम 20-20 फोन किए गए थे। इन स्थानों में दमकल तब पहुंची जब सब काम तमाम हो चुका था। खलिहान में गेहूं की जगह राख उडऩे लगी थी। लोगों ने फायर कर्मचारियों को उस स्थिति में देखकर जमकर आड़े हाथों लिया और नगरपालिका के निकम्मेपन को कोसा। अगर स्थिति में सुधार नहीं लाया जाता है तो आगे भी यही स्थिति बनी रहेगी और लोग आग से अपना बचाव नहीं कर सकेंगे।




### कर्मचारी सर्वे ड्यूटी कर रहे

नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही का हाल यह है कि दमकल जैसी अनिवार्य सेवाओं के कर्मचारियों को ई-केवायसी के लिए घर घर सर्वे करने की ड्यूटी में लगा दिया गया है। इसके अलावा कुछ कर्मचारी नगरपालिका कार्यालय की शाखाओं में अटैच कर दिए गए हैं। अब फायर स्टेशन में कर्मचारी ही उपलब्ध नहीं रहते, जब फोन आते हैं तो कर्मचारियों को ढूंढऩा पड़ता है, मुश्किल से व्यवस्था हो पाती है इसके बाद वाहन भेजा जाता है। फायर कर्मचारियों की ड्यूटी अन्यत्र लगाई जानी नियम के विरुद्ध है इसके बावजूद यह कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि प्रभारी फायर इंचार्ज और सीएमओ ने मिलकर कर्मचारियों की इधर उधर ड्यूटी लगा रखी है। जबकि कम से कम गर्मी के मौसम में उन्हे फायर स्टेशन में ही तैनात किया जाना चाहिए।

### फायर स्टेशन दो-चार के भरोसे

जानकारी मिली है कि फायर स्टेशन में जहां मुख्य फायर मैन सहित 22 लोग पदस्थ हैं, वहां मात्र दो-चार कर्मचारी ही उपलब्ध रहते हैं, वे भी फायर के जोखिम भरे कार्य के लिए अधिक सक्षम नहीं हैं। फायर के 8 कर्मचारी सर्वे कर रहे हैं, 2-3 बंगलों में लगे हैं और 4-5 की संख्या में शाखाओं में कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों


विराट भूमि
फायर स्टेशन बना अंधेर नगरी, जांच पड़ताल नहीं हो रही
फायरमैन कर रहे बंगला ड्यूटी, मुख्य फायरमैन योग्य नहीं

में से लगभग सभी अग्निबचाव कार्य में कुशल हैं लेकिन इन्हे अन्यत्र झोंक दिया गया है। रात के समय तो यहां एक दो कर्मचारी ही उपलब्ध रहते हैं, कभी कभी तो फायर स्टेशन का रात में फोन भी नहीं उठता है। प्रभारी फायर इंचार्ज भी अयोग्य है, उसने व्यवस्थाएं सुधारने की बजाय बिगाडऩे का ही कार्य किया है। यह स्थिति कलेक्टर की जानकारी में लाई जा रही है, ताकि अग्निदुर्घटना के समय तत्काल राहत मिल सके।

### 6 वाहनों की उपयोगिता घटी

फायर स्टेशन में 6 दमकल वाहन हैं इनमें प्रति वाहन चालक समेत कम से कम छः कर्मचारी होने चाहिए। कम से कम दो वाहन चौबीसो घंटे तैयार रहने चाहिए। लेकिन दमकल वाहन खाली खड़े रहते हैं, उनमें न तो पानी रहता है और न कर्मचारी रहते हैं। शासन ने नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के लिए व्यवस्था की है, लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई हैं। सीएमओ स्वयं महीनो से कार्यालय नहीं आ रहे हैं, चेयरमैन भी कभी आफिस पहुंचे कभी नहीं पहुंचे। पूरी नगरपालिका भगवान भरोसे ही चल रही है। ऐसी हालत में किसी का घर जल रहा है, किसी का खलिहान जल रहा है तो इसमें कौन सी बड़ी बात है। नगरपालिका अपनी गैरजि मेदाराना कार्यशैली के चलते दिनोदिन अनुपयोगी सी होती जा रही है। एक जानकारी के अनुसार फायर कर्मचारियों का वेतन भी रोक दिया गया है, जिससे वे और भी परेशान हैं।

# किसान के पास मिले एक ही सीरीज़ के 11 नकली नोट मिलने से हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी



**शहडोल।** जिले में नकली नोटों का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। ताज़ा मामला शहडोल स्थित इंडियन बैंक की शाखा से सामने आया है, जहां नकली नोट मिलने से बैंक में हड़कंप मच गया। बैंक में एक किसान द्वारा जमा कराए जा रहे रुपयों में से नकली नोट पाए गए, जिनकी संख्या 11 बताई जा रही है। खास बात यह है कि सभी नकली नोटों का सीरियल नंबर एक ही है, जिससे इस बात की आशंका जताई जा रही है कि ये नोट एक ही स्थान से छापे गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले के जमुई गांव निवासी किसान सूर्यांश सिंह ने इंडियन बैंक में 1 लाख रुपये की रकम जमा करने के लिए पहुंचा था। किसान ने यह राशि उस व्यक्ति से प्राप्त की थी, जिसे उसने अपना खेत अधिया पर दिया था। जब बैंक कर्मियों ने नोट गिनने की मशीन में रुपये डाले, तो मशीन ने 11 नोटों को संदिग्ध बताया। जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि ये सभी नोट नकली हैं और एक ही सीरीज़ के हैं।घटना की गंभीरता को देखते हुए बैंक प्रबंधन ने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसान को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (BNS) की धारा 179 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इस मामले में एडिशनल एसपी अभिषेक दिवान ने जानकारी दी कि बैंक की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है और नकली नोट कहां से आए, इसकी तह तक जाने के लिए जांच जारी है। पुलिस अब यह



जानने में जुटी है कि इस नकली मुद्रा का स्रोत क्या है और किन-किन लोगों तक यह नकली करेंसी पहुंच चुकी है। इस घटना से न केवल बैंकिंग तंत्र की सतर्कता उजागर हुई है, बल्कि नकली नोटों के कारोबार को लेकर एक बार फिर प्रशासन और आम जनता के बीच चिंता की लहर दौड़ गई है।

# पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने में नागरिक निभाएं अपना कर्तव्य: कमिश्नर

### युवाओं की टोली ने कमिश्नर को भेंट किया सकोरा

**शहडोल।** ग्रीष्म कल को दृष्टिगत रखते हुए उमरिया युवा टीम द्वारा पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों व पशुओं को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जि मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य उमरिया जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया ने पक्षियों के लिए कदम बढ़ाया है। युवाओं की टोली ने कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को सकोरा भेंट किया तथा पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी ने युवा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि युवा टीम उमरिया युवाओं की टोली का यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है। युवाओं के इस प्रयास में हम सभी को अपनी सहभागिता निभाकर पक्षियों के लिए सकोरे बांधने चाहिए जिससे विलुप्त हो रहे पक्षियों का संरक्षण हो सके। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा इस पुनीत कार्य के लिए लोगो को जागृत करने व परिवार के साथ पक्षियों व पशुओं के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लें इससे पुण्य तो मिलेगा ही साथ ही बच्चे पक्षियों की जान बचाने के लिए आगे आएंगे। ऐसे में हमारी यह जिम्मेदारी ही नही अपितु कर्तव्य भी है कि हम पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने मानव धर्म का निर्वहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र खुशी सेन,शिखा बर्मन भी उपस्थित रहे।



# पूर्व मित्रों के बीच हिंसक झड़प, एक ने दूसरे का काटा अंगूठा

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र केचितराँव गांवमें सोमवार को एकमामूली कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, जब दो पूर्व मित्रों के बीच झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि एक युवक काअंगूठा कटकर अलग हो गया। घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है।पुलिस के अनुसार, विकास गुप्ता और अंबर गुप्ता, जो पहले घनिष्ठ मित्र रह चुके हैं, के बीच किसीपुराने विवाद, संभवतःपैसों के लेनदेन या काम से जुड़ी बातोंको




लेकर कहासुनी शुरू हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों पहलेगुजरात में साथ काम कर चुके हैं। बहस इतनी बढ़ गई कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। झगड़े के दौरानअंबर गुप्ता ने गुस्से में आकर विकास गुप्ता के हाथ पर इस कदर हमला किया कि उसका अंगूठा दांतों से काटकर अलग कर दिया। घायल विकास को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना मेंअंबर गुप्ता को भी चोटेंआई हैं, उसका भी इलाज चल रहा है।

जयसिंहनगर थाना प्रभारी एसपी चतुर्वेदीने बताया कि यह मामला आपसी रंजिश का है।दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्जकर लिया गया है औरसाक्ष्य के आधार पर विधिक कार्रवाईकी जा रही है।

# कोई भी बच्चा शाला प्रवेश से वंचित नहीं रहें: आयुक्त




**शहडोल।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव के तहत स्कूल जाने योग्य विद्यार्थियों को शालाओं में प्रवेश दिलाने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। कोई भी विद्यार्थी शाला प्रवेश से वंचित नही रहें सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों का पोषित पाठशालाओं में प्रवेश सुनिश्चित करा लिया जाए। शाला प्रवेशी बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली पुस्तकों का वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने प्रवेशोत्सव की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, अपर कलेक्टर अनूपपुर श्री तन्मय सहित सीईओ जिला पंचायत, संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे, उपायुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा सिंह, तीनो जिलो के जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा उपस्थित रहें। आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन शालाओं या महाविद्यालयो में विद्यार्थी अध्ययन कर रहे है उनके आवेदन समय पर हो जाए तथा संबंधित संस्थाओं द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए जिससे कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित नही रहें। आपने जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आवास सहायता योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को आवास सहायता की राशि समय पर जारी हो जाए। आपने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास, मेडिकल यूनिट, बैगा बस्तियों का विद्युतीकरण, ऑगनवाडी केंद्र के निमार्ण, वन धन केंद्र के संचालन, बहुउद्देशीय भवन, छात्रावास भवनों के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे हो जिन स्थानों में कार्यों के संचालन में कोई भी बाधा आ रही हो, की जानकारी संबंधित कलेक्टरों को देकर निराकरण कराएं।

# गुड फ्राइडे: प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और करुणा का महापर्व, निकलेगा भक्ति जुलूस

**शहडोल।** गुडफ्राइडे, जिसे प्रभु यीशु मसीह केबलिदान और करुणा के पर्वके रूप में मनाया जाता है, मानवता के लिए प्रेम, त्याग और क्षमा का अद्वितीय संदेश लेकर आता है।

राष्ट्रीय ईसाई महासंघके राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्षडा. क्रिस्टी अब्राहम, जिला सचिव क्रिस्टोफर बास्टीन औरअभिषेक आइजकने बताया कि यह दिन ईसाई समुदाय के लिए अत्यंत पवित्र है, जब प्रभु यीशु नेमानवता के पापों के प्रायश्चितहेतुक्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान दिया।इस दिन प्रभु यीशु मसीह द्वारा कहे गएसात अनमोल वचनोंको स्मरण किया जाता है। गिरजाघरों मेंविशेष प्रार्थनाएंहोती हैं। शहडोल में विशाल भक्ति जुलूस का आयोजन शहडोल केहोली स्पिरिट कैथोलिक चर्चव मसीही समाज द्वारागुडफ्राइडे पर दोपहर 2:30 बजेएकविशाल भक्ति जुलूस और झांकियों का आयोजन किया जाएगा। यह जुलूस होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च, किरण टॉकीज रोडसे प्रारंभ होकरदरभंगा चौक, इंदिरा चौक, गुरु नानक चौक, गांधी चौक, जैन मंदिर, शेर चौराहा, परमट, रेलवे सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशनहोते हुए पुनः चर्च में समाप्त होगा।




अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स

शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें



रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव

मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

## खबर संक्षेप



### गर्भवती, धात्री माताओं को दी गई समझाइश

**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** 17 अप्रैल को सेक्टर चाका अतर्गत ग्राम पंचायत रेऊसा, गोडारू की कार्यकर्ताओ के द्वारा पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गर्भवती, धात्री माताओं को पूरक पोषण आहार माताओं और बच्चों की ग्रोथ मोनिटरिंग, छः माह से ऊपर के बच्चे का अन्नप्राशन और ऊपरी आहार की समझाइश दी गई जिसमे सुपर वाइजर विजय माला कुशवाहा आगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्या, रावित्री, मानमती, किरनलता, बब्बी, सुभद्रा, उषा और सहायिका चंपा शामिल रहे।

### 2 सटोरियों से सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त

**हरिभूमि न्यूज, बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान जी के द्वारा अवैध जुआ/सट्टा खिलाने वालो के ऊपर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मन्सूरी एवं एस. डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है। 16 अप्रैल को मुखबिर द्वारा बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई कि दो व्यक्ति अलग अलग स्थानो में सट्टा खिला रहे है जिसे घेराबंदी कर पकडा जा सकता है। मुखबिर सूचना पर विजुरी पुलिस द्वारा कपिलधारा कालोनी में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो धर्मेन्द्र मिश्रा पिता शिवशंकर मिश्रा उम्र 41 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी एवं उमेश दास मानिकपुरी पिता भीखमदास मानिकपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी के मौके पर अवैध सट्टा पट्टी काटते पाए गए जिनके पास से प्रथक प्रथक एक अदद सट्टा पर्ची, एक सट्टा पर्ची लिखने की डाट पेन एवं कुल नगदी रकम 970 रुपये बरामद हुआ। उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना बिजुरी में धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया है ।

### तुअर दाल के लिए 20 तक कराएं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक कृषि तथा किसान कल्याण विभाग ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि वे अपने तुअर फसल की उत्पाद को बेचने के लिए नजदीकी पंजीयन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल पर खरीफ में तुअर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7550 रुपये. पर विक्रय हेतु 20 अप्रैल तक पंजीयन कराकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि पंजीयन हेतु किसान तुअर फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन केंद्रों गिरदावरी किसान एप कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर लोक सेवा केंद्र पर किसान गिरदावरी एप से पंजीयन करा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता नंबर,, मोबाइल नंबर, में किसी प्रकार के परिवर्तन, संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण-पत्र स्वरूप जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया गया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है ऐसे किसानों को आवेदन पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध कराना होगा। यदि कोई कृषक निर्धारित अवधि में तुअर फसल का पंजीयन अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक नहीं करवाते हैं तो शासन की उपार्जन व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे।

### कल पहाड़ी में होगी लोग सुनवाई सह जनसंवाद

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पहाड़ी में गुरुवार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव पहल की है।

### अध्यक्ष के प्रयासों का नगर में दिख रहा असर

# कई विकास कार्य निर्माणाधीन तो कुछ अंतिम चरण में

### शासकीय योजनाओं का हो रहा बेहतर क्रियान्वयन, सभी का मिल रहा सहयोग

कोतमा।





केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ नगर विकास के लिए एक से बढ़कर योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसका क्रियान्वयन अनूपपुर जिले के नगर पालिका परिषद कोतमा में शत-प्रतिशत हो रहा है ।नगर का विकास आम जनों के इच्छा अनुसार मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ नगर के सौंदरीकरण को आवश्यक मानते हुए कोतमा नगर का बेहतर विकास हो रहा है, उक्त विचार नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ ने चर्चा के दौरान व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि नगर विकास में उपाध्यक्ष श्रीमती वैशाली ताम्रकार, सीएमओ प्रदीप झरिया, इंजीनियर, समस्त जनप्रतिनिधि, पार्षद गण, एल्डरमैन, नगरवासी एवं नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों की अहम भूमिका साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि कोतमा नगर के विकास में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, मध्य प्रदेश शासन की कुटीर एवं ग्राम उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन का समय-समय पर बराबर सहयोग मिल रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अजय शराफ ने यह भी कहा कि नगर के चारों तरफ सड़क, नाली निर्माण, कई भवनों का निर्माण कराया जा चुका है जिससे आमजन को बेहतर सुविधा मिलने जा रही है। नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष भाजपा नेता अजय सराफ ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद् कोतमा द्वारा नगर में परिषद् गठन दिनांक से वर्तमान तक कई विकासात्मक कार्य किए जा रहे जिसमें प्रमुख कार्य है वार्ड क्र. 01 में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य 701.80 लाख प्रगतिरत, वार्ड क्र. 03 स्टेशन चौक के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य 158.35 लाख प्रगतिरत, वार्ड क्र.13 में परशुराम मंगल भवन निर्माण कार्य 149.56 लाख प्रगतिरत, वार्ड क्र. 03 पुराना हॉस्पिटल परिसर में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य 87.35 लाख पूर्ण, वार्ड क्र. 04 बस स्टैण्ड के पास शापिंग कॉम्लेक्स निर्माण कार्य 198.80 लाख पूर्ण, वार्ड क्र. 02/07 में एस.डी.एम.एफ. योजना अंतर्गत नाला निर्माण कार्य131.20 लाख पूर्ण, वार्ड क्र. 02/03 बाजार एरिया, वार्ड क्र. 04 बस स्टैण्ड से मुक्तिधाम एवं वार्ड क्र. 08 टैक्सी स्टैण्ड रोड का कायाकल्प अभियान अंतर्गत डामरीकरण कार्य 84.47 लाख पूर्ण, वार्ड क्र.03 पुराना हॉस्पिटल का संजीवनी क्लीनिक में उन्नयन कार्य 25.73 लाख पूर्ण, वार्ड क्र. 04 केरहा डेम के बगल से मिनी पार्क निर्माण कार्य 33.00 लाख पूर्ण, नवगठित परिषद् द्वारा प्रत्येक वार्डों में आवश्यकता अनुरूप सड़कों एवं नाली का निर्माण कार्य कराया गया है एवं आगामी कार्ययोजना अनुसार ऐसे निर्माण और प्रस्तावित किए गए है। नगर में नागरिकों की सुविधा हेतु सामुदायिक भवन, वाटर पार्क एवं अन्य कार्य की कार्ययोजना पर कार्य प्रगतिरत है। जिसे शीघ्र ही नगर के समक्ष क्रियान्वयन में लाया जावेगा। नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के मंत्री स्थानीय विधायक दिलीप जायसवाल द्वारा कोतमा नगर विकास के लिए अभी कई कार्य योजना बनाई जा रही है जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि नगर के कुछ विघ्न संतोषी, अकरमण्य लोग आए दिन विकास कार्यों का विरोध बेवजह करते हैं इतना ही नहीं शासकीय कार्य में लगातार बाधा डालने का कार्य कर रहे हैं ऐसे असामाजिक तत्वों एवं विवादित लोगों के खिलाफ शासन प्रशासन से शिकायत भी आगामी समय में की जाएगी। नगर पालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय शराफ ने वार्ड क्रमांक एक से लेकर वार्ड 15 तक के सभी पार्षद, जनप्रतिनिधि, आम जन, समाज सेवियों से अपील किया है कि विकास कार्यों की जहां भी जरूरत हो वह अपने वार्ड पार्षद के माध्यम से नगर पालिका परिषद कोतमा में आगामी आयोजित बैठको में विकास कार्य के प्रस्ताव को शामिल करा सकते हैं। उन्होंने नगर वासियों से अपील किया है कि मूलभूत सुविधाओं हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिलता रहे सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रयास करें।



## नगर में बढता जा रहा आवारा कुत्तों का आतंक

**कोतमा।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। नगर में अकसर डॉग बाइट के मामले भी सामने आते रहते है। जिसके कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रोजाना एक दर्जन के करीब आवारा कुत्तों का एक झुंड मुखर्जी चौक एवं बनिया टोला के पास सड़कों पर घूमता हुआ नजर आता है जो कि लोगों के लिए आफत बना है। यह आवारा कुत्ते राहगीरों पर हमला कर रहे है। इन कुत्तों को पकड़ने के लिए लोग कई बार गुहार लगा चुके है, लेकिन फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। नगर में कुत्तों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखने में आ रही है। मुखर्जी चौक एवं बनिया टोला के पास तो शाम होते ही एक दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों का झुंड इक्ट्ठा होकर दो पहिया वाहन मे आने जाने वालो के ऊपर झपट्टा मारने की कोशिश करते हुए वाहनों के पीछे दौड़ते हैं। जिसके कारण वाहन चालकों में डर बना रहता है। साथ ही दुर्घटना घटित होने का भय भी बना रहता है। मुखर्जी चौक से बाजार जाने वाले रास्ते मे रहवासियों मे दहशत का माहौल हर समय बना रहता है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

### 325 पाव देशी शराब सहित युवक पुलिस की गिरफ्त में

**कटनी।** कुठला पुलिस ने एक युवक के पास से 350 पाव देशी शराब की तस्करी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रात्रि में गश्त के दौरान लमतरा ब्रिज के पास एक व्यक्ति ज्यूपिटर स्कूटी में अपने पास काले रंग की प्लास्टिक की बोरी लिये खड़ा था।

# होनहार खिलाड़ी दिव्या बैगा का 68 वीं राष्ट्रीय शालेय बालिका फुटबाल प्रतियोगिता हेतु हुआ चयन - मध्य प्रदेश टीम से करेंगी प्रतिनिधित्व

**बुढार। रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर धनगवां की होनहार खिलाड़ी दिव्या बैगा का 68वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्षीय बालिका फुटबाल प्रतियोगिता में म.प्र. टीम से चयनित होनें पर क्षेत्रियजनों में प्रसन्नता व्याप्त है। ग्राम - धनगवां की होनहार छात्रा एवं उदीयमान खिलाड़ी दिव्या बैगा नें 68 वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर-14 बालिका फुटबॉल टीम की आयोजित होनें वाली प्रतियोगिता में चयनित होकर अपना तथा अपनें संभाग का नाम रोशन किया है। और यह प्रतियोगिता 24 से 28 अप्रैल 2025 के मध्य कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में आयोजित है, तथा होनहार छात्रा 18 अप्रैल से 22 अप्रैल तक सतना में आयोजित प्री-नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी, जहाँ उन्हें राष्ट्रीय स्तर की तैयारी हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा।**



इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शिक्षा विभाग द्वारा 16 अप्रैल को संभागीय मुख्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रा दिव्या को संभागायुक्त श्रीमती सुरभी गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहडोल जिले के कलेक्टर डॉ केदार सिंह, तथा उमरिया जिला के कलेक्टर धर्णेन्द्र कुमार जैन, एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही और यह सम्मान समारोह न केवल दिव्या के लिये रहा, बल्कि पूरे अंचल के लिये गर्व का विषय रहा। इसी श्रंखला में धनगवां ग्राम में एक आत्मीय और उत्साहपूर्ण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ रिलायंस फाउंडेशन के साइट हेड राजेश वर्मा ने दिव्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रिलायंस सी.बी.एम. - सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव एवं ग्राम पंचायत सरपंच तथा होनहार छात्रा दिव्या के माता-पिता, पंचायत प्रतिनिधि, गाँव के वरिष्ठ नागरिक, रिलायंस फाउंडेशन फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर, धनगवां के खिलाड़ी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। साईट हेड राजेश वर्मा ने दिव्या को मिली उल्लेखनीय सफलता पर दिव्या तथा उनके माता-पिता एवं ग्रामवासियों को शुभकामना देते हुये कहाकि - बच्चों को शिक्षा एवं खेल में आगे बढ़ने के लिये हम लोग पूरा प्रयासरत है और रहेंगे। रिलायंस सी.बी.एम. - सी.एस.आर. हेड राजीव श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहाकि - रिलायंस सी.बी.एम .प्रोजेक्ट का उद्देश्य परियोजना क्षेत्रान्तर्गत ग्रामों के बच्चों को खेल शिक्षा एवं कौशल के क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिये अवसर प्रदान करना रहा है इसी उद्देश्य से क्षेत्र के तेरह स्कूलों में फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है जहाँ पर फुटबॉल खिलाड़ियों को रिलायंस द्वारा प्रशिक्षित कोच के माध्यम से प्रशिक्षित कराया जा रहा है जिसमें 4 सौ बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उनमें से होनहार दिव्या भी है, जो धनगवां प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है और सफलता की उंचाईयों की ओर अग्रसर है। होनहार दिव्या बैगा की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश में रहते हुए भी दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर दिव्या ने राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहुँच बनायी है। और पूर्ण विश्वास है कि - दिव्या राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी और आने वाले वर्षों में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगी। उनका यह सफर क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनेगा। ग्राम - धनगवां वासियों में दिव्या को मिली इस सफलता पर आपार खुशी व्याप्त है और दिव्या के माता-पिता की आँखों में प्रशन्नता के आँसू छलक उठा, वहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर कहाकि - यह सिर्फ दिव्या की नहीं, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत की उपलब्धि है, इस अवसर पर गाँव के युवाओं में खेल के प्रति नया उत्साह देखने को मिला।

# ससुराल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर

- बुधवार की रात बड़वारा के पठरा के समीप हुआ बड़ा हादसा, घटना के बाद वाहन चालक हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रात के समय सड़कों पर काल बन कर दौड़ रहे वाहन आए दिन किसी न किसी की दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। शराब के शौकीन वाहन चालक शाम ढ़लते ही हाईवे पर अपने वाहनों की रफ्तार और भी तेज कर देते हैं। ऐसे वाहनों की चपेट में आकर लोग जिंदगी और मौत के बीच पहुंच जाते हैं। हाईवे पर भारी वाहनों की स्पीड पर लगाम नहीं लग पर रही है जिससे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की रात सामने आया है। बताया जाता है कि किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मारी दी जिससे दो पहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे गहन उपचार हेतु पहले कटनी फिर जबलपुर रैफर कर दिया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार माधव नगर के संजय नगर निवासी 36 वर्षीय शिवमोहन बैरागी पिता किशन चंद बैरागी मंगलवार की रात अपने घर से बड़वारा के पास स्थित परसेल में अपनीी ससुराल जा रहा था। बताया जाता है कि युवक जैसे ही ग्राम पठरा के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

बताया जाता है कि ठोकर इतनी जोरदार थी कि दो पहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद शिवमोहन बैरागी सड़क किनारे काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा। काफी देर बाद जब राहगीरों की नजर घायल युवक पर पड़ी तब स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस बुलाई गई जिसमें घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा लाया गया जहां से उसे कटनी रैफर किया गया। घायल युवक के परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी मिली वे तत्काल कटनी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि घायल युवक के सिर पर गहरी चोट के साथ जबड़ा अपनी जगह से खिसक गया था जिसके गहन उपचार हेतु उसे जबपलुर रैफर किया गया। परिजनों ने गहन उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल पहुंचे जहां उसका उपचार जारी है।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का किया अनावरण

**कटनी।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि पानी को सहेजने का जल गंगा संवर्धन अभियान वास्तव में आने वाली पीढ़ी को बेहतर कल देने के लिए संचालित केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावीं पीढ़यिों के लिए जल उपलब्धता को सुरक्षा कवच देने का अभियान है। उन्होंने कहा कि भवन विहीन ग्राम पंचायतों में अगले तीन साल के भीतर नये विकास भवन बनाये जायेंगें।

# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील

कोतमा।



बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में अक्षय तृतीया के सन्दर्भ में विशेष निगरानी रखने हेतु अभियान चलाये जाने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट फार चिल्ड्रन कार्यक्रम प्रमुख सुशील शर्मा द्वारा विभिन्न स्तरों पर नियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारीयों का प्रशिक्षण, समुदाय स्तर पर पंचायत एवं स्व सहायता समूह में जागरूकता बैठक, बाल विवाह के विरुध्द सामूहिक शपथ तथा जागरूकता रैली आदि कार्यक्रमों का नियोजन किया जा रहा है।साथ ही विवाह में संलग्न स्टेक होल्डर प्रिंटिंग प्रेस, कैटरर्स, ब्यूटी पार्लर, बैण्ड बाजा, टेन्ट, नाई, पण्डित आदि को यह सुनिश्चित कर के ही विवाह में अपना कार्य करना है कि वहां बाल विवाह नहीं हो रहा है ऐसा प्रमाण पत्र लेना है। साथ ही आयु निर्धारण के लिये जे.जे.एक्ट में प्रावधानित दस्तावेज ही मान्य करने हैं इस प्रकार बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने की सबसे अपील की गई है।

# ई केवायसी के लिए लगाया गाय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से सभी वर्ग तक पहुँचाया जा सके इस हेतु शत-प्रतिशत समग्र पोर्टल में नागरिकों की समग्र आई.डी का आधार से ईकेवायसी किए जाने की कार्यवाही 1 अप्रैल से 31 मई तक प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक वार्डवार शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा जारी आदेश अनुसार दिनांक 16 अप्रैल बुधवार से 18 अप्रैल शुक्रवार तक नगर निगम के 6 वार्डों में शिविर लगाये जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत वेंकट वार्ड,राजीव गांधी वार्ड,आचार्य विनोबा भावे वार्ड,रफ़ी अहमद किदवई वार्ड,पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड एवं राम जानकी हनुमान वार्ड के नागरिकों को ईकेवायसी कराये जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## बड़वारा के महाविद्यालय में संविधान पुस्तक प्रदर्शनी



**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में बुधवार को भारतीय संविधान की पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं की उपस्थिति रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रोशनी पाण्डेय के द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. उर्मीला गर्ग, डॉ.लवकुश सिंह , डॉ.शर्मिला गांगले , सुशील चंद्र दुबे, राम किशोर आर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी रामनरेश वर्मा के द्वारा संपन्न किया गया ।

## योजना का लाभ लेने आवेदन आमंत्रित

**कटनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजनांतर्गत विपत्तिग्रस्त महिलायें यथा बलात्कार से पीड़ित महिला एवं बालिका, दुर्व्यापार से बचाई गई महिलायें, ऐसिड विक्टिम दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़ित, कुंवारी मातायें या सामाजिक कुप्रथा की शिकार, परित्यक्ता, तलाकशुदा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती हैं एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त न हो, आश्रयगृह, बालिकागृठ, अनुरक्षण गृह में निवासरत बालिका एवं महिला जो प्रशिक्षण लेना चाहती है, को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे वह रोजगार प्राप्त कर सकें। सामान्य महिला की उम्र 45 वर्ष से कम हो। विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा, एस.सी, एस.टी, पिछडा वर्ग के महिला होने की स्थिति में 50 वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगी। यह प्रशिक्षण ऐसी संस्थाओं के माध्यम से दिया जायेगा, जिन संस्थाओं से जारी डिग्री/प्रमाण पत्र शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में मान्य हो। प्रशिक्षण पर होने वाला पूर्ण व्यय जिसमें प्रशिक्षण शुल्क, आवासीय शुल्क, भोजन एवं शिष्यवृत्ति शामिल रहेगी, विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। इच्छुक महिलायें एवं जिले में संचालित संस्थाये आवेदन कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास में जमा कर सकते हैं।

## छात्राओं को मिली कृषि तकनीक की जानकारी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय वनस्पति विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में बी.एससी. चतुर्थ वर्ष एवं एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र, पिपरौंध में संपन्न हुआ, जहाँ छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स को समृद्ध करना था। कृषि विज्ञान केंद्र में छात्राओं ने विभिन्न कृषि तकनीकों, जैविक खेती, और पौधों की उन्नत प्रजातियों के बारे में गहन अध्ययन किया।

## आठ वर्षो से फरार स्थाई वारंटी हुआ गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस ने पिछले करीब 8 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए सलैया चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि क्षेत्र के फरार वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सलैया चौकी पुलिस लगातार वारंटियों की धरपकड़ के लिए भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के स्थाई वारंटी राजेश कोल निवासी पाली चौकी सलैया को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त स्थाई वारंटी की तलाश पिछले लगभग आठ वर्षों से पुलिस कर रही थी, लेकिन यह लगातार पुलिस को चकमा देखकर फरार होता रहा है। आरोपी को पकड़ने में चौकी प्रभारी एएसआई विनोद पांडे, प्रधान आरक्षक रत्नेश तिवारी, आरक्षक अनिल यादव, सैनिक रमेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### माधव नगर में अनाधिकृत निर्माण का महापौर व आयुक्त ने किया निरीक्षण

# दो बड़े नालों को पाटकर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बारिश के दौरान नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े इस हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगमायुक्त नीलेश दुबे के साथ माधवनगर पहुंचकर निर्मित अवैध कालोनी में दो बड़े नालों को पाटकर तथा उनका रास्ता डायवर्ट कर नियम विरुद्ध तरीके से कराए जा रहे निर्माण कार्यों का मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान महापौर एवं निगमायुक्त को स्थानीय नागरिकों एवं निगम के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि स्थल पर कई दिनों से अवैध कॉलोनी का निर्माण कार्य चल रहा है। स्थल पर दो पुराने नालों को पाटकर उनके ऊपर निर्माण करने तथा नाले की दिशा परिवर्तित करने के कारण पानी का बहाव रुक जाने से बारिश के दौरान बस्ती में जलभराव की समस्या का सामना करने की जानकारी दी गई। जिस पर महापौर एवं निगमायुक्त ने स्थानीय नागरिकों के साथ पूरी अवैध कालोनी में कराए गए निर्माण कार्यों का पैदल चलकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दिशा परिवर्तित नाले से पानी की निकासी बाधित पाए जाने पर निगमायुक्त ने अवैध कालोनी स्थल के खसरे, भू स्वामी एवं मद आदि की जांच कर दोषियों पर विधि संगत कार्यवाही करने निर्देश दिए। वर्षा काल के दौरान स्थल पर पानी भराव की समस्या न हो इस हेतु अभी से लेआउट के आधार पर पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश निगमायुक्त ने अधिकारियों को दिए । सेवन इलेवन से आनें वाले मुख्य नाले जो पाट दिया गया था, से सुगम पानी की निकासी हेतु निगम प्रशासन द्वारा खुदाई करने का कार्य भी प्रारंभ पाया गया।

महापौर श्रीमती सूरी ने निरीक्षण के दौरान आयुक्त नीलेश दुबे से अधिकारियों की बैठक आयोजित कर अवैध कालौनी निर्माण कार्य की दिशा मे दोषियों को ठोस कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि यदि इस प्रकार के अवैध कालोनी के प्रकरणों में ठोस कार्यवाही नहीं की जाती तो शहर के नागरिकों को वर्षाकाल के दौरान इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। जिससे स्थानीय नागरिक एवं निगम प्रशासन दोनों को परेशानी होगी।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद श्याम पंजवानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा द्वारा महापौर एवं निगमायुक्त से नाली की दिशा परिवर्तित होने से वर्षा के दौरान समदडिया कॉलोनी एवं एम.ई.एस कॉलोनी में पांच - पांच फुट पानी भरनें की संभावना व्यक्त की गई। जिस पर आयुक्त द्वारा भूमि का खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामी एवं मद आदि की जानकारी प्राप्त कर अवैध कालोनाईजर

# अपराध नियंत्रण करने पुलिस ने किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपराधों में नियंत्रण रखने के उद्देश्य एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया गत रात्रि दलबल को साथ लेकर देर रात क्षेत्र में पैदल मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया। भम्रण के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में बाजार एवं बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की एवं आम लोगों को किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइस दी।

जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि थाने के स्टाफ को साथ लेकर नाइट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए समझाइए दी गई साथ ही संदिग्ध अवस्था में यहां वहां घूमते पाए गए आवारा तत्वों से पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी भी ली गई। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र के नामी गुंडे बदमाशों को यह भी हिदायत दी जा रही है कि यदि उनके द्वारा किसी अपराध को घटित करने की मंशा रखी गई या फिर प्रयास किया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### साधूराम स्कूल में पांच दिवसीय पुस्तक मेला का शुभारंभ

# पुस्तकों का संसार अद्भुत, इससे मिलती है अनुभूतिः सुधाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



साधूराम स्कूल में पुस्तक मेले का शुभारंभ बुधवार को किया गया। उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद सुधाकर मराठे, मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, कलेक्टर दिलीप यादव, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ चालक विपिन तिवारी, लेखिका आयुषी जैन, पारस जैन एवं मेला संयोजक मुकेश चंदेरिया मंचासीन रहे। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें जीवंत प्रतिमायें हैं, इनसे मिलती हैं दिशा, पुस्तकें ज्ञान देती हैं, व्यक्तित्व को तराशती हैं , पुस्तक पढ़ने से आकलन, समझदारी और संवाद कौशल बढ़ता है,कलेक्टर दिलीप यादव ने पुस्तक मेले की प्रसंशा करते हुए पुस्तक मेला टीम को साधुवाद दिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में भारत माता कि तस्वीर पर माल्यार्पण उपरांत स्वस्ति वचन के साथ ही दीप प्रज्वलन कि परपरा का निर्वहन हुआ। अमित कनकने के कुशल संचालन में कृपाशंकर चौबे ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत कर आयोजन समिति के बारह वर्षों कि सतत साधना से जन समूह को अवगत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उद्घाटन अवसर को मनमोहक बना दिया। पुस्तक मेला में विशेष रूप से प्रभात प्रकाशन, सुरुचि प्रकाशन, लोकहित प्रकाशन, गीता प्रेस हरे माधव साहित्य केंद्र, दीप्ति आर्ट एंड क्राफ्ट, राष्ट्र सेविका समिति, दिन दयाल शोध संस्थान, स्वदेशी प्रकाशन रायपुर, संत निरंकारी प्रकाशन, सुरुचि प्रकाशन दिल्ली, स्वदेशी आरोग्य मंच, लोकहित प्रकाशन, सी जे इंटरप्राइजेज, हेल्थ केयर सिस्टम, श्रष्टि काष्ठ शिल्प कला, अर्चना प्रकाशन, प्रबल हर्बल सिहोरा, प्रभात प्रकाशन, आदि स्टाल अपनी पुस्तकों के साथ लगे हुए हैं। नगर के सुधी जन पुस्तक मेला में पधारकर पावन

## आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित



**बड़वारा।** सातवां पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण अभियान उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें प्रति दिन आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के महिला एवं बाल विकास बड़वारा के सेक्टर भुड़सा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केदो में अन्नप्राशन का आयोजन किया गया एवं महिलाओं को पोषण आहार की विविधता तिरंगा थाली स्तनपान के साथ ऊपरी आहार की शुरुआत के महत्व पर चर्चा की गई बच्चों के पोषण स्तर का चिन्हांकन कर कुपोषण दूर करने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से महिलाओं को जानकारी दी गई।

# ग्राम वसुधा में खेत तालाब निर्माण में 21 हितग्राहियों की जमीन हई चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनपद पंचायत रीठी में जलगंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सभी ग्राम पंचायतों में जलसंरक्षण के कार्यों के साथ-साथ सफाई के कार्य किये जा रहे है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत वसुधा में जल संरक्षण हेतु 21 हितग्राहियों की निजी भूमि पर खेत तालाब निर्माण कार्य चयनित किये गये है, जिसमें से 9 हितग्राही क्रमशरू पन्ना सिंह, विश्राम सिंह, सुदामा, लता, दलपत सिंह, मिठाईलाल, सौखीलालल, भाई सिंह एवं प्यारे सिंह के खेत तालाब निर्माण कार्य की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत प्रारंभ कर दिये गये है। उक्त 9 कार्यों में लगभग 10 हजार मानव दिवस सृजित होंगे। जिनमें से अभी तक 13.36 लाख रूपये व्यय करते हुये 6 हजार 911 मानव दिवस सृजित किये जा चुके है। उक्त खेत तालाब निर्मित होने से जहां एक ओर वर्षा जल एकत्रित होगी, वहीं दूसरी ओर हितग्राही को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धरता के साथ-साथ सिंघाडा उत्पादन एवं मछली उत्पादन से आजीविका का साधन सृजित होगा। ग्राम पंचायत वसुधा सरपंच अयुब खान द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत पदस्थ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भागीरथ पटेल, सहायक यंत्री मनोज कौशल, सेक्टर उपयंत्री के मार्गदर्शन में सभी खेत तालाब निर्माण कार्य कराये जा रहे है।

# किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने में प्रदेश के प्रथम 6 स्थानों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम 6 जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1 लाख 61 हजार 395 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो।

जिले में अब तक बने फार्मर आईडी में से कटनी नगर में 9 हजार 21, स्लीमनाबाद तहसील में 16 हजार 427, बहोरीबंद तहसील में 23 हजार 783, कटनी ग्रामीण में 9 हजार 584 फार्मर आईडी बनाये जा चुके हैं। इसी प्रकार बरही तहसील में 15 हजार 941, विजयराघवगढ़ तहसील में 27 हजार 175, रीठी तहसील में 20 हजार 523, बडवारा तहसील में 15 हजार 179 और ढीमरखेड़ा तहसील में अब तक 23 हजार 863 किसानों के फार्मर आईडी बनाये जा चुके हैं। फार्मर आई डी के तहत कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी का होना अनिवार्य किया गया है । इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को दिए है। जिले में फार्मर आई डी बनाने के मामले में कटनी नगर के तहसीलदार बालकृष्ण मिश्रा की निगरानी में अब तक 9 हजार 127 फार्मर आईडी बनाने के लक्ष्य के विरूद्ध 9 हजार 21 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। जो लक्ष्य का 98.84 फीसदी उपलब्धि है। जबकि ढीमरखेड़ा तहसील फार्मर आईडी बनाने के मामले में अंतिम पायदान पर है।

## चौबे वार्ड में शराब दुकान खोले जाने पर हुआ जमकर विरोध

**कटनी।** मदनमोहन चौबे वार्ड में शराब दुकान खोले जाने पर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रर्दशन करते हुए अपना विरोध व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुड़वारा स्टेशन 5 नंबर के सामने, दुर्गा मंदिर एवं हनुमान मंदिर के बीचो बीच एक शराब दुकान खोली जा रही है। उनका कहना है कि अभी तक इस क्षेत्र में कभी भी कोई शराब दुकान नहीं खोली गई थी, यहां पर शराब दुकान खोले जाने से आने वाली आने जाने वाले राहगीरों सहित छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, शराब दुकान खुल जाने से पुराना भट्टा मोहल्ला फिर से जागृत हो जाएगा। दुकान को तत्काल हटाया जाने को लेकर बड़ी संख्या मे वार्डवासी सड़क पर प्रदर्शन करेंगे।

### अब पहले जैसी नहीं रहे खरीददार, संकट में कुम्हारों की रोजी रोटी

# आधुनिकता के दौर में अपना अस्तित्व खो रहे मिट्टी के मटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आधुनिकता की दौड़ और बदल रही ट्रेंड से गर्मियों में ठंडा पानी के लिये सदियों से उपयोग में लाया जाने वाल मिट्टी के मटके, सुराही तथा गगरों का अस्तित्व खोने लगा है। इसकी जगह अब फ्रिज, वाटर कूलर, पानी की बोतलें ने ले ली है। लगातार मांग कम होने और लागत बढऩे के कारण मिट्टी के बर्तनों का निर्माण करने वाले कुम्हार के सामने अब रोजी रोटी का संकट भी मंडराने लगा है। कुम्हारों को अब सिर्फ दीपक का सहारा है। इनका कहना है कि दीपावली के समय बिकने वाले दिये ही उनके परपरागत व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायक हो रहा है। इसके अलावा अन्य उत्पादों की बिक्री एकदम से घट चुकी है।

डॉक्टर राकेश रंजन का कहना है कि मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। वर्तमान समय में भले ही लोग गले की तरावट के लिये अनेक तकनीक का सहारा ले रहे हैं। लेकिन मटके का पानी शरीर के लिए फायदेमंद है। पानी नो साइड इफेक्ट वाला होता है। गरम, ठंडा से होने वाली बीमारी का खतरा नहीं रहता।

मटका बनाने वाले हीरालाल कुम्हार का कहना है कि आधुनिकता ने इस व्यवसाय को काफी प्रभावित किया है लोग अब फ्रिज के पानी से काम चला रहे हैं। पहले की अपेक्षा वर्तमान में मटके की डिमांड कम हो गई है। इस कारोबार में 50 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली है। मटके के पानी के बारे में जानकार अब भी गर्मियों में फ्रिज की जगह मटकों का ही उपयोग करते हैं, उनका कहना है मटके का पानी किसी अमृत से कम नहीं है। जो मटके के पानी का फायदा जानते हैं वे मटकों की दुन पहुंचकर खदीदारी कर रहे हैं। चांडक चौक, स्टेशन रोड, माधव नगर, एनकेजे के बाजारों में सजी मिट्टी के बर्तनों में खरीददारी हो रही है।

मिट्टी के बर्तनों का बिकने का कारण एक यह भी है कि, गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए सबसे सस्ता और हर जगह उपलब्ध होने वाला साधन है। पुरातन समय में मिट्टी के ही बर्तन का उपयोग होता था। मटके व सुराही रखने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता भी नही होती है। पानी को ठंडा रखने का सबसे सस्ता साधन भी है। इसके साथ ही मिट्टी के बने बर्तनो को हाइजीन माना जाता है। मिट्टी के बर्तन बेचने वाले रामकुमार का कहना है कि मिट्टी से बने बर्तनों में पानी तो ठंडा रहता ही है साथ ही इसका पानी शरीर के तापमान को न्यूनतम भी रखता है,और इसका पानी शरीर को नुकसान भी नही पहुंचाता है। बाजार में मटके व सुराही की कीमत 50 रूपए से 200 रूपए तक है। मटका खरीदने पहुंचे शिवम मिश्रा का कहना है कि मटके में पानी का स्वाद बढ़ जाता है। क्योंकि इसके पानी में सोंधी खुशबू भी आती है। उनका कहना है कि इस वर्ष विद्युत कटौती ज्यादा हो रही है, जिस कारण फ्रिज आदि अच्छे से नहीं चल पा रहे है इसलिए मटका लेना जरूरी है।

# दतला नाला के बरहा घाट में श्रमदान से बना बोरी बंधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत भादावर के ग्राम मरईकाप में दतला नाला के बरहा घाट में ग्रामीणों के जनसहयोग और मानव जीवन विकास समिति की सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने बुधवार को बोरी-बंधान कार्य किया गया। मानव जीवन विकास समिति बिजौरी के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि इस मौके पर सरपंच सुनीता बाई गोंड, उपसरपंच पप्पू सिंह गोड़ एवं ग्राम के किसान भाइयों ने एवं मानव जीवन विकास समिति से रघुबीर का महत्व पूर्ण योगदान रहा ।इस दौरान ग्रामीणों ने गीतों के माध्यम से लोगों को पानी को बहुमूल्य बताया एवं पानी को बचाने के लिए गीत के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## झोलाछाप डॉक्टर ने ले ली मरीज की जान

**बिजुरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इलाज किए जाने से एक व्यक्ति की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार बिजुरी नगर पालिका कर्मचारी चंदू प्रजापति जो अपना इलाज करने के लिए नगर के हनुमान मंदिर चौराहे पर स्थित झोला छाप डॉक्टर इंद्रपाल के क्लीनिक गया हुआ था जहां डॉक्टर इंद्रपाल द्वारा उसका इलाज किया जा रहा था। चंदू को डॉक्टर इंद्रपाल द्वारा इलाज के दौरान तबीयत में सुधार न होता देख बल्कि और अधिक सीरियस हो जाने पर उसे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी को रेफर कर दिया गया जहां कुछ ही देर बाद चंदू की मृत्यु हो गई। चंदू के परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है वहीं प्रशासन ने शिकायत मिलने पर झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक को सील कर दिया है।

## अमरकंटक के पुष्कर डेम के पास श्रमदान से की गई साफ-सफाई



**अनूपपुर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के जल स्त्रोत नदी, तालाब, कुआं आदि जल संरचनाओं के पुर्नजीवन एवं जीर्णोद्धार के लिए अभियान के अंतर्गत विशेष पहल सुनिश्चित की जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के जल स्त्रोतों को श्रमदान से स्वच्छ बनाने की दिशा में बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में अमरकंटक के पुष्कर डेम के पास साफ-सफाई श्रमदान के माध्यम से सुनिश्चित की गई। जिसमें स्थानीय नागरिकों, नगर परिषद अमरकंटक के कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

## जालेश्वर, दूधी तथा करपा फीडर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 18 अप्रैल को 11 के.व्ही. करपा फीडर, 11 के.व्ही. दूधी फीडर तथा 11 के.व्ही. जालेश्वर फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

## छात्राओं को मिली कृषि तकनीक की जानकारी

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय वनस्पति विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में बी.एससी. चतुर्थ वर्ष एवं एम.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कृषि विज्ञान केंद्र, पिपरौंध में संपन्न हुआ, जहाँ छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनके शैक्षणिक प्रोजेक्ट्स को समृद्ध करना था।

## आठ वर्षो से फरार स्थाई वारंटी हुआ गिरफ्तार

**कटनी।** पुलिस ने पिछले करीब 8 वर्षों से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए सलैया चौकी प्रभारी विनोद पांडे ने बताया कि क्षेत्र के फरार वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सलैया चौकी पुलिस लगातार वारंटियों की धरपकड़ के लिए भूमिका निभा रही है।

### हर वर्ष बदल रही पुस्तकें, कट रही अभिभावकों की जेब

# प्राईवेट विद्यालय बने शिक्षा की दुकान, जिम्मेदार बने अंजान

## सीएम मोहन यादव के सख्त निर्देशों का भी निजी विद्यालय उड़ा रहे धज्जियां



**अनूपपुर।** इस समय समाज में एक धारणा तेजी से प्रचलित हुई है कि सरकारी स्कूलों के बजाय निजी स्कूलों में शिक्षा का स्तर थोड़ा ऊंचा है। इसी कारण माता पिता अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ाना बेहतर समझते हैं। हालांकि आज के समय में सरकारी स्कूलों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधाएं भी दी जा रही हैं, लेकिन निजी स्कूलों के प्रति अभिभावकों का रुझान कम नहीं हुआ है। माता पिता के इसी आकर्षण का फायदा निजी स्कूल उठा रहे हैं। किताबें और यूनिफॉर्म निश्चित जगहों से ही खरीदने के लिए वह अभिभावकों को बाध्य करते हैं। इतना ही नहीं यह सारी चीजें वह बाजार से अधिक कीमत पर बेचते हैं। जिले में संचालित निजी स्कूलों में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव डाले जाने की शिकायत मिलती है। मार्च का महीना बच्चों की परीक्षा के लिए जाना जाता है तो अप्रैल निजी स्कूलों की मनमानी के आगे अभिभावकों की परीक्षा लेता है। किताब, कॉपी, ड्रेस, जूता के लिए अभिभावकों की दौड़ स्कूल और स्कूल द्वारा बताई गई दुकानों के बीच लगी रहती है। हर बार की तरह निजी स्कूल कमीशन का खेल खेलने की राह पर इस बार भी निकल गए हैं। जिले के कई नामी और बड़े स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को सीधे तय दुकानों से ही किताब बेची जा रही है। कॉपी भी ब्रांडेड लेने का दबाव है। लिहाजा यह तय है कि कॉपी का मूल्य भी अभिभावकों को सामान्य से ज्यादा देना होगा। जिन स्कूलों ने अभिभावकों को किताब का लिस्ट दिया है, उन स्कूलों ने बुक लिस्ट में दुकान के नाम भी दिए हैं, जहां से अभिभावकों को किताबें खरीदने को कहा गया है। पूरे बाजार ढूंढ़ने के बाद भी किताबें सिर्फ वहीं मिलेंगी, जिस दुकान की सांठ-गांठ स्कूल के साथ है।

### शिक्षा के नाम पर व्यवसाय

यह निजी स्कूल न केवल यूनिफॉर्म और किताबें अपने तय दुकान से खरीदने पर जोर देते हैं बल्कि तीन-तीन महीने की एडवांस फीस भी वसूल करते हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि बुक और यूनिफॉर्म स्कूल वाले नहीं बेच सकते हैं और न ही वह किसी खास दूकान से खरीदने का दबाव डाल सकते हैं, परन्तु सुप्रीम कोर्ट के सभी आदेशों की अवहेलना की जा रही है और अभिभावकों का शोषण जारी है। ऐसे में इन निजी स्कूलों पर सख्ती से कार्रवाई किये जाने की जरूरत है क्योंकि इन्होंने शिक्षा के नाम पर व्यवसाय चला रखा है।

### प्राईवेट स्कूलों ने मनमानी की तो खैर नहीं-मुख्यमंत्री

प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रायवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए पिछले वर्ष 1 अप्रैल को एक बड़ा आदेश जारी किया था। सीएम ने आदेश दिया था कि अब प्रायवेट स्कूल किसी निर्धारित दुकान से ही किताबें, यूनिफॉर्म और बाकी शिक्षण सामग्री खरीदने का दबाव अभिभावक पर नहीं बना सकते हैं। अगर ऐसी कोई शिकायत मिली, तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्य सचिव को इस संबंध में आदेश जारी किया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को यह पत्र जारी कर दिया है। अगर कोई स्कूल मनमानी करता है तो उसके खिलाफ मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस अधिनियम के तहत स्कूल संचालक पर 2 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है परंतु जिले मे मुख्यमंत्री के आदेश को रद्दी की टोकरी मे डाल मनमानी किया जा रहा है।

### 50-60 प्रतिशत तक कमीशन सेट

जानकारी के अनुसार लगभग सभी स्कूलों की किताबें किसी एक दुकान पर ही मिलती है। सारा मामला कमीशनबाजी व सेटिंग का होता है। फरवरी मे ही यह तय हो जाता है कि दुकानदारी कौन करेगा? जो ज्यादा कमीशन देता है, किताबें उसी की दुकान से बिकती हैं। अब दशा इतनी खराब है कि किसी एक विद्यालय की किताब कापियां सिर्फ एक दुकान मे मिलने से दुकानदार मनमाने कीमत वसूल रहा है। अगर आप किसी कारण से उस दुकानदार के व्यवहार से असंतुष्ट हैं तो बच्चे की किताब कापियां नहीं मिलेगी। जानकार 50-60% तक कमीशन सेट होने का आरोप लगा रहे हैं। इसके पीछे विद्यालय प्रबंधन, दुकानदार तथा विभागीय अधिकारियों की सांठ गांठ होने के आरोप हैं।

**केन्द्रीय विद्यालय की किताबों की उपहार योजना नजीर**

### केन्द्रीय विद्यालय की उपहार योजना नजीर

निजी स्कूलों में जहां किताबों में कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, वहीं इसके उलट केंद्रीय विद्यालय की परंपरा नजीर है उन स्कूलों के लिए जो किताब की बिकवाली में अभिभावकों से पैसा बनाने में जुटे हैं। केंद्रीय विद्यालयों में पुस्तकें खरीदी नहीं जाती है। यहां सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही उपहार में मिलती है, वो भी कक्षा के वरिष्ठ विद्यार्थियों से। ये प्रक्रिया विगत तीन साल से केंद्रीय विद्यालयों में लागू है। इसका फायदा यह है कि नई किताब खरीदने का भार अभिभावकों पर नहीं पड़ता है। वहीं पर्यावरण की नजर से पुस्तक खराब होने से बचती है।

### शिक्षा विभाग की सुस्ती या सांठगांठ

निजी विद्यालयों की चरम पर पहुंच चुकी मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग द्वारा कार्यवाही की कलम न चलाना एक तरफ उसकी सुस्ती मनमानी की ओर इशारा करता है तो दूसरी तरफ अभिभावक इसे सांठ गांठ मानते हैं। हालांकि यह भी सही है कि बेवजह लुट रहे अभिभावकों पर शिक्षा विभाग को ध्यान देना चाहिये पर किस कारण उनकी कलम कार्यवाही के लिए नही चल पा रही है यह तो वही जानें परंतु जिले मे शिक्षा विभाग व निजी विद्यालयों की सांठ गांठ की चर्चा आम है।



# सभी भू-स्वामियों को रोजगार दिलाने हम प्रयासरत-राज्यमंत्री श्री जायसवाल

## राज्यमंत्री ने आमाडांड़ में 22 लाभार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। यह हमारा दायित्व है कि जिन लोगों ने विकास के लिए अपनी भूमि दी है, उन्हें उनका समुचित अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की केन्द्र और राज्य सरकार लोगों के कल्याण एवं हित के लिए दिन रात मेहनत कर रही है तथा मध्य प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल आमाडांड़ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के एवज में 22 भू-स्वामियों के परिजनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मंत्री श्री जायसवाल ने सभी लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नियुक्ति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। कार्यक्रम में एसईसीएल के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

## MPRDC की लापरवाही के विरोध में जन आंदोलन



**राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पटना से करपा, सरई, केलमानिया रोड के तय समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने और MPRDC की लापरवाही के विरोध में जन आंदोलन मंच के द्वारा आज से भूख हड़ताल एवं आमरण अनशन अनिश्चितकालीन जब तक मांग पूरी नहीं होगा तब तक आंदोलन किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी जिला इकाई अनूपपुर की टीम अनशन स्थल पहुंचकर आंदोलनकारी साथियों को जनहित मांगों के पक्ष में समर्थन पत्र सौंपे, इस बीच ST विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकृपाल सिंह आर्मो, जिला अध्यक्ष संदीप कुमार पडवार, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष समयलाल चंद्रवंशी, जिला संयुक्त सचिव रामप्रसाद बघेल, सक्रिय कार्यकर्ता पूरन सिंह मरावी, प्रकाश सिंह उद्दे, विमल टांडिया सहित कई कार्यकर्ता साथी मौजूद थे।

# यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने नगर पालिका की पहल

## व्यापारियों का नही मिल रहा सहयोग, सीएमओ ने की सहयोग की अपील



**कोतमा।** नगर के बाजार एरिया में दुकानदारों के द्वारा सड़क पर दुकान लगाई जा रही है जिसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है, जिसको हटाये जाने को लेकर बुधवार को नगर पालिका के कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के द्वारा अभियान चलाते हुए सड़क पर बनी सफेद पट्टी के बाहर दुकानें न लगाये जाने को लेकर व्यापारियों से अपील करते हुए हटाने की कार्यवाही की। मुख्य बाजार एरिया से सब्जी फल एवं चाट फूल्की की दुकानों को सब्जी मंडी एवं चौपाटी में दुकान लगाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। दिये निर्देश-बुधवार की सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया नपा राजस्व अधिकारी योगेन्द्र तिवारी अरुण सोनी रवि सोनी मनीष गर्ग अमित सेन बीरेंद्र शर्मा सहित राजस्व का अमला एवं पुलिस अधिकारी एवं नगर पालिका का सफाई अमला नगर के गांधी चौक आजाद चौक स्टेशन चौक पुराना स्टेट बैंक रोड महावीर मार्ग गहरवार चौक में दुकानदारों के द्वारा दुकानो को बढ़ाकर सड़क तक दुकान लगाई जा रही है। जिन्हें व्यवस्थित सफेद पट्टी के अंदर दुकान लगाने के निर्देश दिया गया।

### सड़क पर लग रही फल दुकानें

नगर के गांधी चौक स्टेशन चौक आजाद चौक गहरवार चौक महावीर मार्ग पुराना स्टेट बैंक रोड में ठेले मे लग रहे फल विक्रेताओं को चौपाटी में दुकान लगाए जाने के निर्देश देते कड़ी कार्यवाही किए जाने की बात कही। बाजार एरिया से फल एवं अन्य ठेले में लगाई जा रही दुकानो को हटाकर अन्य जगहों पर दुकानें लगवाये जाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी के द्वारा समझाइश देते हुए कहा कि बाजार में सड़क पर लग रही दुकानों को व्यवस्थित रूप से किया जायेगा।

### नही कर रहे सहयोग

नगर पालिका के द्वारा बुधवार को बाजार में घूम कर सड़क के किनारे बनाई गई सफेद पट्टी के अंदर दुकानदारों को दुकान में लगाए जाने के लिए कहा गया तो उसे दुकानदारों ने विवाद भी किया यदि दुकानदारों के द्वारा नगर पालिका का सहयोग किया जाएगा तो नगर में व्यवस्थित दुकान लगनी शुरू हो जाएगी। विभाग के कारण नगर पालिका के कर्मचारी आदि कार्यवाही में ही वापस लौट गए।

### करना होगा सहयोग

वर्तमान में नगर में जिस हिसाब से अव्यवस्थित यातायात बना हुआ है और प्रतिदिन जाम की स्थिति बन जाती है। जिसको देखते हुए नगर के व्यापारियों को नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों को सहयोग करना होगा जिससे नगर में यातायात व्यवस्था सम हो सके नागरिकों को जाम की समस्या से निजात मिल सके और नगर को तभी व्यवस्थित एवं विकसित किया जा सकता है जब व्यापारियों का सहयोग भरपूर मिलेगा तभी यह संभव है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया ने सभी फुटकर सब्जी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा है कि आगामी दिनों में नगर पालिका सभागार मे व्यापारियों फल सब्जी विक्रेताओं के साथ सामूहिक मीटिंग करते हुए नगर को कैसे व्यवस्थित किया जाये साथ ही प्रतिदिन जो जाम की समस्या बाजार मे हो रही है उससे कैसे निजात मिले जिससे यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जाये इसमें सभी का सहयोग मिलेगा तभी यह संभव है। बाजार एरिया में सड़कों पर दुकान लगने के कारण आवागमन बाधित होता है प्रतिदिन जाम की स्थिति बनती है यदि किसी मरीज को इलाज के लिए अस्पताल लेकर जाना है तो उसे घंटों जाम में फंसना पड़ता है। यातायात विभाग के द्वारा पूर्व में नगर में घूमकर व्यापारियों से निवेदन करते हुए सड़कों पर दुकान एवं बोर्ड ने लगाने के लिए भी कहा गया था। नही मानने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये थे, लेकिन यह निर्देश आज तक अधूरा ही है।

### इनका कहना है

जब तक नगर के व्यापारियों का सहयोग हमें नहीं मिलेगा तब तक हम नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम नहीं बना सकते हैं। नगर के व्यापारियों का सहयोग बहुत जरूरी है जिससे नगर को व्यवस्थित एवं विकसित बनाया जा सके। आगामी दिनों में नगर के व्यापारियों फल सब्जी दुकानदारों चाट फुल्की दुकानदारों के साथ नगर पालिका में मीटिंग करते हुए चर्चा उपरांत ही दुकानों को व्यवस्थित करवाया जाएगा।

**प्रदीप झारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

# लंबित मांगों को लेकर 22 अप्रैल से संविदा स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी करेंगे हडताल



**अनूपपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के समस्त संविदा स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी द्वारा 22 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का मन बना लिया गया है। इस संदर्भ में 17 अप्रैल को ज़िला अनूपपुर संविदा संघ के अध्यक्ष डॉ शिवेन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस सी रॉय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा एक महापंचायत बुलाकर मध्यप्रदेश एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मचारियों को सामान्य प्रशासन द्वारा एक नीति बनाकर नियमित कर्मचारियों की तरफ सभी लाभ देने की घोषणा की गई थी। जैसे- अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, समस्त अवकाश, डीए, हर साल अनुबंध को समाप्त करना, अप्रेजल प्रथा को खत्म किया जायेगा आदि अनेक घोषणा किया गया था, लेकिन मध्यप्रदेश एनएचएम द्वारा 1 अप्रैल की एक नई नीति बना कर इन सभी सुविधाएं व लाभ से स्वास्थ्य कर्मचारियों को वंचित किया गया हैं। 16 अप्रैल को सामुहिक अवकाश के बाद प्रदेश के 32000 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों अपने हक़ व अधिकार की लड़ाई के लिए 22 अप्रैल से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का फैसला कर लिया है। ज्ञापन के माध्यम से शासन व प्रशासन को अवगत करा दिया गया। जब तक हमारी मांगो को पूरा नही किया जायेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान भाई लाल पटेल, सोहराब अंसारी, देवेंद्र जायसवाल, सरिता तिवारी, डॉ संदीप पांडेय, वैशाली गेंदा, अनिल नापित, विपिन प्रसाद, डॉ एस एन पिटानिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अपराध नियंत्रण करने पुलिस ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी



अपराधों में नियंत्रण रखने के उद्देश्य एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया गत रात्रि दलबल को साथ लेकर देर रात क्षेत्र में पैदल मार्च कर क्षेत्र का जायजा लिया। भम्रण के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में बाजार एवं बस्ती में पैदल भ्रमण करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की एवं आम लोगों को किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की समझाइस दी। जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रात्रि थाने के स्टाफ को साथ लेकर नाइट पेट्रोलिंग की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी आपत्तिजनक स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए समझाइए दी गई साथ ही संदिग्ध अवस्था में यहां वहां घूमते पाए गए आवारा तत्वों से पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी भी ली गई। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने एवं आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# 30 अप्रैल को होगा भव्य उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

## ब्राह्मण समाज सेवा समिति करेगा आयोजन

**अनूपपुर।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति, अनूपपुर के तत्वाधान में इस वर्ष 30 अप्रैल (बुधवार) को भव्य उपनयन संस्कार संस्कार एवं भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पवित्र आयोजन की तैयारियाँ जिले के सभी तहसील एवं जनपद मुख्यालयों पर लगातार बैठकों के माध्यम से की जा रही हैं। समिति द्वारा अब तक 45 बटुकों का उपनयन संस्कार हेतु पंजीयन किया जा चुका है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आयोजन की जानकारी जिलेभर में अखबारों, सोशल मीडिया, फोन कॉल एवं व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से दी जा रही है। कार्यक्रम स्थल आशीर्वाद मैरिज गार्डन, अमरकंटक तिराहा अनूपपुर मे उपनयन संस्कार का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से वैदिक पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। समिति द्वारा बटुकों एवं उनके साथ आए हुए अभिभावकों के रुकने और भोजन की व्यवस्था की जा चुकी है, जिससे श्रद्धालुजन किसी प्रकार की असुविधा महसूस न करें।

### परशुराम जन्मोत्सव एवं नगर भ्रमण

संध्याकाल में भगवान परशुराम जी की चलित झांकी आशीर्वाद गार्डन से प्रारंभ होकर इंदिरा तिराहा तक नगर भ्रमण करेगी। झांकी में बाजे-गाजे, भजन-मंडली, पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजन की शोभा बढ़ाएँगी। नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच पर वशिष्ठ अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अंत में प्रसाद (भोजन) वितरण किया जाएगा।